‘वैश्विक शीतलन नवाचार’ शिखर सम्मेलन (Global Cooling Innovation Summit)

चर्चा में क्यों?

12 नवंबर, 2018 को नई दिल्ली में दो दिवसीय वैश्विक शीतलन नवाचार (Global Cooling Innovation) शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- यह शिखर सम्मेलन अपनी तरह का समाधान (solution) केंद्रित ऐसा प्रथम आयोजन है, जिसमें विश्व भर के विशेषज्ञ एकजुट होकर रूम एयर कंडीशनरों की बढ़ती मांग के कारण जलवायु को हो रहे भारी नुकसान से निपटने के लिये ठोस उपायों की तलाश करेंगे।
- यह सम्मेलन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट, एलायंस फॉर एन एनर्जी एफिशिएंट इकोनॉमी (AEEE), कंजर्वेशन X लैब्स और CEPT विश्वविद्यालय के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।
- इस शिखर सम्मेलन के दौरान ‘ग्लोबल कूलिंग पुरस्कार’ की शुरुआत की जाएगी, जो एक मिशन नवाचार से जुड़ा चैलेंज है और जिसका उद्देश्य ऐसे आवासीय शीतलन (कूलिंग) सॉल्यूशन के विकास में तेजी लाना है, जिसका जलवायु पर मौजूदा मानक सॉल्यूशन की तुलना में न्यूनतम पाँचवाँ हिस्सा असर ही पड़ेगा।
- वैश्विक शीतलन पुरस्कार एवं नवाचार शिखर सम्मेलन में विश्व भर के प्रतिष्ठित वक्ता भाग लेंगे, जिनमें अन्वेषक, परोपकारी, उद्यम पूंजीपति और अन्य औद्योगिक हस्तियां शामिल हैं।

ग्लोबल कूलिंग पुरस्कार

- ‘ग्लोबल कूलिंग पुरस्कार’ वैश्विक पहुँच एवं भागीदारी वाली एक प्रतिस्पर्द्धा है, जिसका उद्देश्य एक ऐसी शीतलन प्रौद्योगिकी को विकसित करना है, जिसे परिचालन में लाने के लिये अत्यंत कम ऊर्जा की आवश्यकता पड़ेगी, इसमें प्रशीतकों (refrigerant) का इस्तेमाल होगा एवं ओजोन का क्षय नहीं होगा तथा इससे ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव भी कम होगा। यही नहीं, बड़े पैमाने पर निर्माण करने की स्थिति में संबंधित उपकरण किफायती भी होगा।
- इस पुरस्कार कार्यक्रम के लिये विश्व भर से उल्लेखनीय विचार आमंत्रित करने के लिये पूरी दुनिया का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाएगा।
- इस पुरस्कार के जरिए अभिनव उत्पाद पेश करने वालों का अभिनंदन किया जाएगा और इसके साथ ही उन्हें आवश्यक प्रोत्साहन एवं सहयोग भी दिया जाएगा।
- यह पुरस्कार एक ऐसा सहयोगात्मक प्लेटफॉर्म बनाने में भी सक्षम साबित होगा, जो अनुसंधानकर्त्ताओं की क्षमताओं का उपयोग कर सकेगा ताकि नवाचार को बढ़ावा देने में सार्वजनिक अनुसंधान उल्लेखनीय योगदान दे सके तथा सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से इसका सकारात्मक असर हो।
- इस पुरस्कार के जरिए न केवल स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े अनुसंधान एवं विकास में अहम योगदान देने वालों का अभिनंदन किया जाएगा, बल्कि इससे युवा अनुसंधानकर्त्ताओं को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अभिनव उत्पादों को विकसित करने के लिये प्रेरित भी किया जाएगा, ताकि स्वच्छ पर्यावरण या जलवायु की दृष्टि से यह दुनिया और बेहतर हो सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-cooling-innovation-summit-2018